समाचार

महिलाओं का सम्मान व उनकी भावनाओं का आदर हमारी परम्परा–महापौर

(विश्व महिला दिवस के अवसर पर पी.एम.ए.वाई के 25 महिला हितग्राहियों का महापौर ने दिया मकान का आबंटन पत्र)

कोरबा 07 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत ज्यादा महत्व दिया गया है, कहा गया है कि जहां नारी पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं, उन्होने कहा कि निश्चित रूप से महिलाओं का सम्मान करना एवं उनकी भावनाओं को आदर देना हमारी परम्परा रही है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 25 अंबेडकर भवन के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्मित आवासगृहों के समीप अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन निगम द्वारा किया गया था, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की 25 महिला हितग्राहियों को उनके आवासगृहों के आबंटन पत्र प्रदान किए तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी, इस मौके पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर अपने उद्बोधन में महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि निश्चित रूप से आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, जिन क्षेत्रों में पहले

पुरुषों का एकाधिकार समझा जाता था, उन क्षेत्रों में भी महिलाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही है। सेना, पुलिस, प्रशासन, राजनीति, उद्योग, व्यवसाय तथा अन्य कोई भी क्षेत्र उन से अछूता नहीं रहा है। यह भी पूर्ण रूप से सत्य है कि जब तक महिलाओं की संपूर्ण भागीदारी प्राप्त नहीं की जाएगी, तब तक किसी समाज, राष्ट्र का पूर्ण विकास नहीं हो सकता है। मुझे प्रसन्नता है कि हमारी सरकार भी महिलाओं के अधिकारों के लिए,नारी सशक्तिकरण के लिए, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए पूर्ण रूप से सजग है तथा इस दिशा में व्यापक बदलाव हुए हैं। उन्होने इस मौके पर नारी शक्ति को सलाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होने आगे कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आवासगृहों का आबंटन पत्र महिलाओं को दिया जा रहा है, मैं इसके लिए भी उन्हें बहुत–बहुत बधाई देता हॅू। महापौर श्री प्रसाद ने उपस्थित महिलाओं को मिठाई बांटी तथा सभी का मुह मीठा कराया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री प्रसाद एवं सभापति श्री सोनी ने उपस्थित महिलाओं को घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे के संग्रहण हेतु हरे व नीले डस्टबिन प्रदान किए

कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, राजेन्द्र सूर्यवंशी, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे व राजेश पाण्डेय, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, यशवंत चौहान आदि के साथ काफी संख्या में महिलाएं व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।